दिनांक 11 फरवरी 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहर विकास एवं आय के स्रोत बढ़ाने पार्षदों ने दिए अपने सुझाव, महापौर की पहल से भिलाई निगम में हुई एक नई परंपरा की शुरुआत

भिलाई नगर/ शहर के विकास एवं निगम के आय के स्रोत बढ़ाने पर आज पार्षदों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने-अपने सुझाव दिए। इस दौरान भिलाई के पार्षद अधिक से अधिक संख्या में मौजूद रहे। और इसी के साथ ही महापौर नीरज पाल की पहल से एक नई परंपरा की शुरुआत आज से हो गई है। विगत 20-25 वर्षों के बाद इस प्रकार के सुझाव एवं विचार प्रकट करने के लिए प्रातः 10 बजे यह संभवतः पहली बैठक है जिसमें शहर के विकास एवं आय का जरिया बढ़ाने खुले मन से पार्षदों को सुझाव के लिए आमंत्रित किया गया था। जिसमें दोनों ही विषयों पर पार्षदों ने अपने अच्छे-अच्छे सुझाव दिए। सभी पार्षदों ने आगे आकर अपने विचार रखे। सभापति गिरवर बंटी साहू बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद रहे। महापौर नीरज पाल ने एक नवाचार के तहत पार्षदों को शहर के विकास एवं निगम के आय बढ़ाने पर सुझाव के लिए सभी पार्षदों को एक साथ लेकर चलने और उनकी राय एवं सुझाव पर अमल करने के प्रयास के लिए निगम के सभी 70 वार्ड के पार्षदों की बैठक आहूत कराई थी। पार्षदों ने अपने बेहतर सुझाव दिए हैं। बैठक में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। वही महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर , संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, मालती ठाकुर, आदित्य सिंह, नेहा साहू एवं रीता सिंह गेरा मौजूद रहे। सुझाव देने वाले पार्षदों में विशेषकर श्याम सुंदर राव, पियूष मिश्रा, रिकेश सेन, महेश वर्मा, भोजराज सिन्हा, दया सिंह, हरिओम तिवारी, रवि शंकर कुर्रे, अभय कुमार सोनी, इंजीनियर सलमान, सुरेश कुमार वर्मा, संजय सिंह, सत्या देवी जायसवाल, एन.शैलजा, गिरजा बंछोर, शकुंतला देवी, वीणा चंद्राकर, श्वेता दोडके, नोहर वर्मा तथा सेक्टर 5 के जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी ने अपने-अपने विचार रखें। इस दौरान पार्षद योगेश साहू, चंदेश्वरी बांधे, राजेंद्र कुमार, अंजु सिंहा, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या , अनीता अजय साहू, लक्ष्मी बाई साहू, प्रियंका साहू, लक्ष्मी दिवाकर, जोन अध्यक्ष संतोष नाथ सिंह जालंधर, विनोद चेलक, सरिता देवी, के. जगदीश कुमार, सुभम कुमार झा, एम. लक्ष्मी गोपाल, नोमिन साहू, साधना सिंह, उमेश साहू तथा कोमल दास टंडन मौजूद रहे। लिखित में भी दे सकते हैं सुझाव महापौर नीरज पाल ने बैठक के अंत में सभी पार्षदों से कहा कि जो पार्षद किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाए हैं या सुझाव नहीं दे पाए हैं वह महापौर कार्यालय में 20 फरवरी 2020 तक लिखित में अपने विचार दे सकते हैं। वहीं वित्त , लेखा एवं अंकेक्षण विभाग के प्रभारी मन्नान गफ्फार खान ने सभी पार्षदों का शहर के विकास में तथा निगम के आय के स्रोत बढ़ाने अपने सुझाव एवं विचार प्रकट करने के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में अधीक्षण अभियंता यू.के. धलेंद्र , लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर , कार्यपालन अभियंता डी.के वर्मा एवं संजय शर्मा , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, तुलसी वृंदा देवांगन, एनआर रत्नेश, शरद चावड़ा, अजय शुक्ला, निगम सचिव जीवन वर्मा, महापौर के निज सचिव वसीम खान एवं विभागीय सचिव मौजूद रहे।